Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-१८ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३० सितंबर २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्य: १० रु. मात्र

## डकें की चोट पर देश के प्रधानमंत्री वैश्विक मंच पर देते हैं हिंदी में भाषण - अमित शाह




प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिंदी दिवस २०१६ के अवसर पर बोलते हुए कहा कि संविधान निर्माता जब राजभाषा को आकार दे रहे थे तब कई तरह के मत-मतांतर थे लेकिन विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को देखकर, समझकर तथा उस समय की स्थिति का आकलन, अवलोकन और चिंतन कर, संविधान निर्माता एकमत पर पहुंचे और हिंदी को संविधान सभा ने राजभाषा का दर्जा प्रदान किया। दिनांक १४.०६.२०१६ को शाह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डकें की चोट पर वैश्विक मंच पर भी हिंदी में भाषण देते हैं और दाहोश में अंग्रेजी के अलावा अपने देश की भाषा में बोलने वाले पहले राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमित शाह ने कहा कि २०२४ तक हिंदी एक बड़ा मुकाम हासिल करेगी और हिंदी को बढ़ाने का मतलब कभी यह नहीं है कि दूसरी भाषा की उपेक्षा हो। कार्यक्रम में सचिव, राजभाषा अनुराधा मित्र ने कहा कि हमारा देश अनेक भाषाओं और विविध संस्कृतियों का देश है और हिंदी सभी भाषाओं के साथ आगे बढ रही है। कार्यक्रम में संसदीय समिति के सदस्यों सहित बडी संख्या में केंद्र सरकार/मत्रांलयों/विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा हिंदी प्रेमी उपस्थित रहे।

## जल्द ही पूरी दुनिया में देखा जा सकेगा डीडी इंडिया: प्रकाश जावड़ेकर



प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने दूरदर्शन की स्थापना के ६० वर्ष पूरे होने के अवसर पर दिनांक १६.०६.२०१६ को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर जावड़ेकर ने दूरदर्शन द्वारा पिछले ६० वर्षों में निभाई गई भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किस तरह दूरदर्शन दशकों से लोगों का मनोरंजन करता आ रहा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में सचिव अमित खरे ने इस अवसर पर कहा कि दूरदर्शन और डीडी न्यूज दोनों ने समय के साथ नयी प्रौद्योगिकी को अपनाया है। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन आज सबसे बड़ा लोकप्रसारक बन चुका है। ब्रेकिंग न्यूज देने की होड़ के दौर में दूरदर्शन ने सटीक, विश्वसनीय और ताजा जानकारी देने की अपनी परंपरा को कायम रखा है।




५२वें इंजीनियर दिवस पर प्रतिष्ठित इंजीनियर अवार्ड से पुरस्कृत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार यादव

## DFCCIL ट्रैक पर मालगाड़ी का संचालन प्रारंभ



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल भारतीय रेलवे का अति व्यस्त मंडल है जिसमें परिचालन क्षमता से अधिक गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत DFCCIL द्वारा नए ट्रैक का निर्माण किया जा रहा है। भदान से खुर्जा तक DFCCIL का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और भाऊपुर से भदान तक का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक ११.०६.२०१६ को मालगाड़ी को न्यू भदान स्टेशन से १२:०५ बजे चलाया गया और यह न्यू खुर्जा स्टेशन पर १७:३५ बजे पहुंची। DFC ट्रैक पर मालगाड़ी के परिचालन प्रारंभ होने से इलाहाबाद मंडल के अंतर्गत सभी मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की समय पालनता में सुधार होगा तथा मालगाड़ियों को भी तेज गति से चलाने में सक्षम होंगे। भविष्य में भाउपुर से न्यू खुर्जा तक DFCCIL ट्रैक पर मालगाड़ियों का परिचालन प्रारंभ किया जायेगा, जिससे इलाहाबाद मंडल के अंतर्गत कानपुर से खुर्जा के मध्य यात्री गाड़ियों का परिचालन सुगम होगा एवं समय पालनता में सुधार होगा।

## चार अक्टूबर से दौड़ेगी देश की पहली निजी ट्रेन तेजस



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। रेल मंत्रालय कि सहायक कंपनी भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी)चार अक्टूबर से देश की पहली निजी ट्रेन तेजस का परिचालन करने जा रहा है, जो हरी झंडी दिखाने के लिए तैयार है। आईआरसीटीसी के प्रवक्ता सिद्धार्थ सिंह ने तेजस एक्सप्रेस के परिचालन तिथि की पुष्टि करते हुए कहा कि नई दिल्ली-लखनऊ तेजस ४ अक्टूबर से यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी। तेजस मे यात्रा करने को टिकट की बुकिंग आरक्षण काउंटरों से नहीं बल्कि आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप की सेवा लेनी होगी। जिसमें ६० दिनों पहले आरक्षण की सुविधा होगी। आईआरसीटीसी ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को २५ लाख रुपये का मुफ्त रेल यात्रा बीमा भी प्रदान किया जाएगा।

लखनऊ-नई दिल्ली की दूरी तेजस ट्रेन मात्र ६ घंटे १५ मिनट में तय करेगी। इस ट्रेन में एक एक्जीक्यूटिव श्रेणी का वातानुकूलित चेयरकार होगा, इस डिब्बे में कुल ५६ सीटें होंगी। इसके अलावा ७८ सीटों वाली नौ वातानुकूलित चेयरकार होंगी। साथ ही साथ ट्रेन में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाला भोजन और पेय पदार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

## स्वच्छता कार्य योजना के कार्यान्वयन के लिए रेल मंत्रालय सर्वश्रेष्ठ मंत्रालय




प.सू.का/नई दिल्ली। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने २०१८-१६ के लिए स्वच्छता कार्य योजना के कार्यान्वयन के लिए भारतीय रेल को सर्वश्रेष्ठ मंत्रालय का पुरस्कार प्रदान किया। भारतीय रेल की ओर से रेलवे बोर्ड की चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने दिनांक ०६.०६.२०१६ को पुरस्कार प्राप्त किया। राष्ट्रपति ने स्वच्छ् भारत मिशन के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसटी), मुंबई को सर्वश्रेष्ठ स्च्छय प्रतिष्ठित स्थल का पुरस्कार प्रदान किया। २०१८ के स्वच्छता सर्वेक्षण के तीन सबसे स्वच्छ स्टेशनों-जोधपुर,जयपुर और तिरुपति को भी पुरस्कार प्राप्त हुए। रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सभी रेल कर्मियों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता को संगठन की संस्कृति बनाए तथा २ अक्टूबर, २०१६ से १० दिनों के लिए सभी ट्रेनों और स्टशनों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाए। भारतीय रेल ने २०१८-१६ के दौरान अपनी परिसंपत्तियों की स्वच्छता पर ३००० करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने जोनल रेलवे तथा मंडल रेलवे के महाप्रबंधकों और रेल प्रबंधकों को बधाई दी और स्टेशनों पर स्वच्छ्ता की स्थिति और बेहतर करने के उपायों पर महाप्रबंधकों तथा रेल प्रबंधकों के साथ चर्चा की।

## दो अक्तूबर को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गाएंगे बापू के भजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। अखिलेश यादव की मौजूदगी में समाजवादी पार्टी दो अक्तूबर को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर बापू के भजनों का गायन करेगी। सपा के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि अखिलेश यादव की उपस्थिति में २ अक्टूबर महात्मा गांधी की १५०वीं जयंती के अवसर पर बापू के प्रिय भजनों व राष्ट्रगीतों के गायन का कार्यक्रम आयोजित करेगी।

## आईसीसीसी, स्मार्ट पुलिसिंग की बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के आईसीसीसी सभागार में आईसीसीसी एवं स्मार्ट पुलिसिंग की बैठक हुयी। जिसमें मण्डलायुक्त डॉ. आशीष कुमार गोयल, अपर पुलिस महानिदेशक सुजीत पाण्डेय, डीआईजी के.पी. सिंह, जिलाधिकारी भानुचन्द्र गोस्वामी, एसएसपी सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, नगर आयुक्त डॉ. उज्जवल कुमार, उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण टी.के. शिबू, एसपी ट्राफिक कुलदीप कुमार सहित एलएनटी की टीम के सदस्य मौजूद थे। दिनांक ११.०६.२०१६ को बैठक में सर्विलांस कैमरों को शहर के विभिन्न स्थलों पर लगाते हुए कैमरों को आईसीसीसी से कनेक्ट किये जाने पर विचार किया गया। ट्रॉफिक व्यवस्था को और दुरूस्त करने की रणनीति बनायी गयी, रेड लाईट, सड़क की भीड़ को देखते हुए उसकी टाइमिंग में आटोमेंटिग बदलाव पर कार्य करने को कहा गया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रॉफिक मैनेजमेंट के लिए अनुभवी लोगों को टीम मे जोडे तथा प्रतिदिन, साप्ताहिक एवं मासिक स्तर पर ट्राफिक मैनेजमेंट की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाय।

## हरित पहलों को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे ने किया सीआईआई के साथ समझौता




प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने ग्लोबल वार्मिग को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भारत के योगदान के तहत प्रमुख हरित पहलें शुरू की हैं। इन हरित पहलों को आगे बढ़ाने के लिए रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगाड़ी, सीआईआई के महानिदेशक चन्द्रजीत बनर्जी, रोलिंग स्टॉक सदस्य राजेश अग्रवाल और रेलवे बोर्ड के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में रेल मंत्रालय और भारतीय उद्योग परिसंघ के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री सुरेश सी. अंगाड़ी ने कहा कि स्वच्छता एक आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर इस मोर्चे पर देश भर में लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी देखने को मिल रही है। रेलवे में भी स्वच्छता सुनिश्चित करने और ट्रेनों तथा स्टेशन परिसरों को स्वच्छ रखने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। सीआईआई द्वारा विकसित ग्रीनको रेटिंग प्रणाली हरित पहल और पर्यावरण को बनाए रखने का कार्य कर रही औद्योगिक इकाइयों की कामकाज दर का मूल्यांकन करती है, तथा हरित इमारत, हरित परिसर और हरित स्कूल आदि को प्रमाण पत्र देती है।

## विश्वनाथ मंदिर पहुँचे खली,लिया आशीर्वाद

रे.स.ब्यू./सूत्र. दो दिवसीय दौरे पर महाबली खली बुधवार दिनांक ११.०६.२०१६ को काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसीपहुंचे। मंदिर में उन्होंने पूजा-अर्चना के साथ रुद्राभिषेक किया। दर्शन के बाद मंदिर की ओर से अंग वस्त्र व प्रसाद भेंट किया। अपने चहेते रेसलर को देखने के लिए बाबा दरबार में मौजूद लोगों की भीड़ लग गई, जिसे देख कर खली ने सभी का अभिवादन स्वीकार किया। खली के पैर की तकलीफ साफ-साफ नजर आ रही थी। पर दर्शन के बाद खुश नजर आए।

## नवंबर बाद होगा राम मंदिर निर्माण- सुब्रमण्यम स्वामी

रे.स.ब्यू./सूत्र. अयोध्या। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा की भव्य राम मंदिर का निर्माण नवंबर बाद शुरू हो जाएगा।

रविवार दिनांक १५.०६. २०१६ को रामलला के दरबार पहुंचे सुब्रमण्यम स्वामी ने रामलला में दर्शन पूजन किया। रामलला दर्शन के बाद उन्होंने कहा कि राम मंदिर की अधिकांश जमीन सरकार के पास है। सरकार जमीन किसी को भी दे सकती है। सुब्रमण्यम स्वामी के समर्थकों में जय श्रीराम के नारे लगाए। कहा राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे। सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा की हिंदुओं का मूलभूत अधिकार मुसलमानों की संपत्ति के अधिकार से ऊपर है। सुप्रीम कोर्ट भी कहता है मूलभूत अधिकार सर्वोपरि है।

## केशरी देवी बनीं रेलवे पार्लियामेंट्री कमेटी की सदस्य



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज । फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल को रेलवे की पार्लियामेंट्री कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। जिसमें लोकसभा से २१ एवं राज्यसभा से दस सदस्यों को शामिल किया गया है। सांसद केशरी देवी ने बताया कि कमेटी का चेयरमैन सांसद राधा मोहन सिंह को बनाया गया है।

कमेटी में मुख्य रूप से भोपाल की सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, फारूख अब्दुल्ला, टीआर बालू, पंकज चौधरी, मोतीलाल वोरा आदि प्रमुख रूप से शामिल है। पार्लियामेंट्री कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर पूर्व विधायक दीपक पटेल, भाजपा नगर अध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, गुरु प्रसाद मौर्य, आशीष गुप्ता पवन श्रीवास्तव, आदि ने स्वागत किया है।

## जल्द होगी जीडीपी विकास दर में बढ़ोत्तरी-जावड़ेकर




प.सू.का/नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सरकार के दूसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में सरकार द्वारा लिए गए प्रमुख निर्णयों पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने पुस्तिका 'जन कनेक्ट' का विमोचन किया और 'भारत के विकास को प्रोत्साहन- १०० दिनों की साहसिक पहल और निर्णायक कार्रवाई' प्रदर्शनी का उद्घाटन किया'।

इस अवसर पर जावड़ेकर ने कहा कि सरकार ने अभूतपूर्व स्तर पर कई ऐतिहासिक और युगांतकारी निर्णय लिए हैं। उन्होंने इसरो के समर्पित वैज्ञानिकों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता और प्रोत्साहन की और व्यापक स्तर पर वैज्ञानिक समुदाय को बढ़ावा देने की सराहना की।

जीडीपी विकास दर पर चिंता व्यक्त करते हुए जावड़ेकर ने जोर देकर कहा कि हालांकि अर्थव्यवस्था की मंदी चक्रीय है, इसके बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के मूल तत्व मजबूत हैं और विदेशी निवेश तथा घरेलू मांग में वृद्धि के साथ जीडीपी विकास दर में जल्द ही बढ़ोत्तरी होगी।

## बेस्ट रेफरी अवार्ड से सम्मानित हुए गार्ड मनीष कुमार




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। इलाहाबाद मंडल के खिलाड़ी हॉकी, बॉक्सिंग एवं अन्य खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं तथा रेफरी एवं जज की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

इसी क्रम में ०२ सितंबर से ०५ सितंबर २०१६ तक प्रतियोगिता का आयोजन करनैल सिंह स्टेडियम नई दिल्ली में किया गया, जिसमें भारतीय रेलवे के सभी जोनल रेलवे के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस बॉक्सिंग चौंपियनशिप प्रतियोगिता में राष्ट्रीय, अंतर-राष्ट्रीय, ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी स्तर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में इलाहाबाद मंडल में गार्ड के पद पर कार्यरत मनीष कुमार जयसवाल ने उत्तर मध्य रेलवे की ओर से रेफरी एवं जज की भूमिका निभाई और इनको बेस्ट जज के अवार्ड से स्पोर्ट्स प्रेसिडेंट उत्तर रेलवे की उपस्थिति में प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक उत्तर रेलवे द्वारा सम्मानित किया गया।

मनीष कुमार जायसवाल की कामयाबी के लिए दिनांक ०६.०६.२०१६ को मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया।

## अगस्त में १५८८.७४ करोड़ की आय के साथ पूर्व मध्य रेल प्रथम स्थान पर

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। माह अगस्त, २०१६ में पूर्व मध्य रेलवे आय के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए, भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में आय के दृष्टिकोण से प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूर्व मध्य रेल माह अगस्त, २०१६ में १५८८.७४ करोड़ रूपये की प्रारंभिक आय प्राप्त करते हुए, प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि १५२२-३२ करोड़ रूपये की प्रारंभिक आय के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दूसरा व १५१७-७४ करोड़ रूपये की प्रारंभिक आय के साथ पूर्व तटीय रेलवे को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। पूर्व मध्य रेल को अगस्त माह में माल लदान से १३३१-६३ करोड़ रूपये, यात्री यातायात से २३७-२६ करोड़ रूपये वं अन्य विविध स्रोतों से १६-५५ करोड़ रूपये सहित कुल १५८८-७४ करोड़ रूपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई जो पिछले वित्तीय वर्ष के अगस्त माह में प्राप्त कुल आय १३६७-६२ करोड़ रूपये की तुलना में १६-१४ प्रतिशत अधिक है। पूर्व मध्य रेल को माह अगस्त, २०१६ में माल लदान से १३३१-६३ करोड़ रूपये प्राप्त हुई जो कि अगस्त २०१८ में माल लदान से प्राप्त आय ११३४-६३ करोड़ रूपये की तुलना में १७-३६ प्रतिशत अधिक है।

## जिला स्तर पर खेल को मिले बेहतर सुविधाएं-किरण रिजिजू



प.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय युवा मामले व खेल राज्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में जो खिलाड़ी पदक लेकर आएंगे उन्हें देश में लौटते ही तत्काल ईनाम राशि का चेक दिया जाएगा। इससे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। किरण रिजिजू बुधवार दिनांक ०४.०६.२०१६ को सोनीपत में उत्तर क्षेत्रीय खेल प्राधिकरण के बहालगढ़ केन्द्र का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। हमारी सुविधाएं विश्वस्तरीय हों और भविष्य में खिलाड़ियों को कैरियर की सभावनाएं दिखें। उन्होंने कहा कि हम कोशिश कर रहे हैं कि सभी खिलाड़ियों को सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रों में नौकरी दिलवाई जाए। उन्होंने पैरा ओलंपियन अमित सरोहा सहित कई खिलाडियों से मुलाकात भी की और समस्याएं जानी। किरण रिजिजू ने साई परिसर में रूद्राक्ष का पौधा भी लगाया।

## माँ

- राजेश शर्मा

सोच कर मन डरता है
क्या मेरी गत् होगी
हर शै होगी पास मेरे
पर मां जब तू न होगी।
ऐसी होगी निशा वो
जिसकी भोर न होगी
क्या होगा मां मेरा
तू जिस रोज न होगी।
कौन समझेगा मुझे
किसको चाहत होगी
किसको कहूंगा 'मां' मैं
तू जिस रोज न होगी।
कांटों की इस दुनिया में
फुलवारी न होगी
छलनी होगा तन-मन मेरा
मां तू जिस रोज न होगी
तपती जीवन की राहों में
ठण्डी छांव न होगी
क्या होगा मां मेरा
तू जिस रोज ना होगी
सोच कर मन डरता है
क्या मेरी गत् होगी
हर शै होगी पास मेरे
पर मां जब तू न होगी।

## इलाहाबाद में मनाया गया "स्वच्छता जागरूकता दिवस"




रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज । भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत इलाहाबाद मंडल में दिनांक १६.०६.२०१६ से ०२.१०.२०१६ तक "स्वच्छता पखवाड़ा" मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक १६.०६.१६ को इलाहाबाद मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर "स्वच्छता जागरूकता दिवस" मनाया गया जिसका शुभारंभ डीएसए ग्राउन्ड से इलाहाबाद जं० के प्लेटफार्म न० ०१ तक प्रभात फेरी निकाल कर किया गया जिसमें अधिकारियों कर्मचारियों,स्काउट एवं गाइड के सदस्यों ने भाग लिया। प्रभात फेरी के माध्यम से यात्रियों को जागरूक किया गया कि प्लास्टिक से बने 'कैरी बैग्स' का उपयोग रेलवे परिसर एवं ट्रेनों में न करें, पानी पीने के पश्चात प्लास्टिक की खाली बोतलों को डस्टबिन में डाले अथवा स्वतः उसका पुनः उपयोग करें आदि। सफाई अभियान के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग कुमार गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक नवीन दीक्षित एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन, एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

# फलती-फूलती कोचिंग शिक्षा

देश में फलती-फूलती कोचिंग शिक्षा के लिए बनाए गए मूल ढांचे के नाकारा होते जाने का ही दूसरा पहलू है प्राइवेट कोचिंग सेंटरों की ओर से किए जाने वाले सघन विज्ञापन अभियान इस अभियान में बच्चे पहले इंजीनियर या डॉक्टर बनने की आकांक्षा पालते हैं और इसमें कामयाब न होने पर पैरेंट्स की मेहनत की कमाई कोचिंगों में बर्बाद करने के अपराध बोध में आकर अक्सर खुदकुशी तक कर लेते हैं। इसी मसले का एक और अहम पहलू यह है कि प्रवेश परीक्षा पास करने या कराने का दबाव बच्चों को एकांगी बना रहा है। कोचिंग सेंटर के जरिए या खुद भी इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चे अपना पूरा ध्यान इन्हीं परीक्षाओं पर केंद्रित कर लेते हैं जिससे देश-दुनिया और जीवन के अन्य पहलुओं से वे कटने लगते हैं। जो ढांचा तैयार किया था, इस पूरे ढांचे कि उसके सामने कोई हैसियत ही नहीं बची। इससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए अवसर भी समाप्त हो रहे है, नतीजा यह कि एक तरफ सरकारी स्कूल अपनी अवस्था पर रो रहा है, दूसरी ओर प्राइवेट स्कूलों के साथ ट्यूशन और कोचिंग के बाद ऑनलाइन कोचिंग का फार्मूला भी जुड़ गया है।

कोचिंग के बिना बच्चों का काम क्यों नहीं चल रहा, इन सवालों पर सोचे बिना कैसे देश की सभी प्रतिभाओं के साथ न्याय किया जा सकता है। परंतु कोचिंग इंडस्ट्री की कामयाबी से हमारे शिक्षा ढांचे की नाकामी का अंदाजा मिलता है, उससे निपटने के उपाय तो हमें खोजने ही होंगे।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# दक्षिण मध्य रेलवे में हिंदी निबंध वाक् प्रतियोगिता का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र.सिकंदराबाद। राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार और कार्यालयीन काम-काज में हिंदी को बढ़ावा देने, अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रोत्साहन देने हेतु दि.२२.०८.२०१६ को क्षेत्रीय स्तर पर हिंदी वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता के विषय थे 'भारतीय रेल के निजीकरण की आवश्यकता' एवं 'भारत पर वैश्विक मौसम परिवर्तन का प्रभाव',इन प्रतियोगिताओं में मंडलों, कारखानों तथा मुख्यालय से प्रारंभिक प्रतियोगिता के आधार पर चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इन अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/सिकंदराबाद अरुण कुमार जैन उपस्थित थे, उन्होंने कहा कि वाक् प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता के लिए चयनित विषय काफी गंभीर एवं समसामयिक हैं. ये केवल विषय नहीं बल्कि जनचेतना को उजागर करनेवाली ज्वलंत समस्याएं भी है।


## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशि:

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो



श्री अनिल केन, निवासी-८४३६ आर्यनगर, पहाड़गंज दिल्ली-५५ को रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका में नई दिल्ली क्षेत्र का अवैतनिक विशेष संवाददाता नियुक्त किया जाता है।

# अखिल भारतीय रेलवे मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पुरुष टीम विजेता, महिला टीम को दूसरा स्थान



रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। ७४ वीं पुरुष एवं १३ वीं महिला अखिल भारतीय रेलवे मुक्केबाजी प्रतियोगिता जिसे रेलवे बोर्ड के तत्वाधान में, उत्तर रेलवे खेलकूद संघ द्वारा दिनांक ०२ से ०५ सितंबर २०१६ तक करनैल सिंह रेलवे स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया, सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में १३ जोनल रेलवे से आये हुए कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें ६६ पुरुष एवं २६ महिला मुक्केबाज तथा रेलवे बोर्ड से नामांकित ४३ तकनीकी अधिकारियों ने भाग ले इस प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रतियोगिता में पुरुषों के मुकाबले में उत्तर रेलवे की टीम ने ०५ स्वर्ण ०४ रजत, ०१ कांस्य सहित १० पदको के साथ कुल ३४ अंक अर्जित कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि सैंट्रल रेलवे की टीम ०२ स्वर्ण, ०३ रजत, ०२ कांस्य सहित ०७ पदकों के साथ कुल २० अंक प्राप्त कर इस प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में उत्तर पश्चिम रेलवे की टीम ०५ स्वर्ण, ०४ रजत, एवं ०१ कांस्य पदक जीत २७ अंको के साथ प्रथम स्थान पर रही और उत्तर रेलवे की महिला टीम ०२ स्वर्ण, ०४ रजत, एवं ०१ कांस्य पदक जीतकर १० अंको के साथ उप विजेता रही। इस अवसर पर उत्तर रेलवे खेलकूद संघ के अध्यक्ष विजय शर्मा , रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के खेल निर्देशक प्रेम लोचब, उत्तर रेलवे के वरिष्ठ खेलकूद अधिकारी एवं अर्जुन पुरस्कार विजेता नरेश कुमार, अजय सिरोही एवम रेलवे बोर्ड के ऑब्जर्वर रविन्द्र तथा अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

*किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।*

# रेल यात्रा के दौरान समस्याओं से निजात दिलायेगा हेल्प लाइन नं

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। रेल यात्रा के दौरान यात्रियों को होने वाली किसी भी समस्या के त्वरित एवं समुचित समाधान हेतु टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर नं १३६ १३८ एवं १८२ जारी की गई है जिनके माध्यम से यात्री अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान कर सकते हैं।

१३८ टोल फ्री नंबर यात्रियों की विभिन्न प्रकार की दिक्कतों जैसे कि कोच में पानी न होना, उसमें प्रकाश व्यवस्था का ना होना, कोच में समुचित सफाई ना होना, खाने की गुणवत्ता का अभाव या बेडशीट की उचित व्यवस्था का अभाव, उपरोक्त सभी प्रकार की समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर १३८ मौजूद है। इसके जरिए यात्री मंडल के कन्ट्रोल ऑफिस से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

इसी तरह यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए १८२ टोल फ्री नंबर जारी किया गया है,जो हिंसा या इस तरह की संभावना होने पर यात्री इसका उपयोग कर सकते है। इस पर प्राप्त सूचना के आधार रेल सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। अब रेलवे द्वारा जारी टोल फ्री नंबर १३६ पर भी १३८ एवं १८२ की सुविधा मिल रही है।

# कुंभ जैसी सफाई व्यवस्था माघ मेले मे भी

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। माघ मेला में भी कुंभ जैसी सफाई व्यवस्था होगी। डीएम भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में शुक्रवार दिनांक ०६.०६.२०१६ को हुई बैठक में सफाई व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें समयबद्ध तरीके से सभी काम पूरे करने की रणनीति बनी। जिसके लिए कार्ययोजना तैयार कर काम शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीडीओ अरविंद सिंह, नगर आयुक्त डॉ.उज्जवल कुमार, एडीएम सिटी अशोक कनौजिया, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्र समेत अन्य अफसर मौजूद रहे।

# हिंदी में कार्य करना न सिर्फ हमारा कर्तव्य है, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी : एन.पी.सिन्हा




रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर में दिनांक ०४.०६.२०१६ से १७.०६.२०१६ तक चलने वाले राजभाषा पखवाड़ा-२०१६ के आयोजन में दिनांक ०६.०६.२०१६ को कर्मचारी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एन.पी.सिन्हा, मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी और कर्मचारियों को अपना अधिकांश कार्य हिंदी में करने को कहा। उनका कहना था कि हिंदी में कार्य करना न सिर्फ हमारा कर्तव्य है, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। सिन्हा ने कहा कि छोटी-छोटी प्रतियोगिताओं का सामना करके ही हम वास्तविक जीवन में विजेता बनते हैं। दिनांक १७.०६.२०१६ को पखवाड़ा समापन समारोह में सफल प्रतिभागियों को महाप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी सह उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, दिलीप कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरि. राजभाषा अधिकारी, अशोक कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# भड़काऊ मैसेज करने वाला गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मुट्ठीगंज में हुई घटना के संबंध में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने में भी मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दिनांक ०८.०६.२०१६ की रात फेसबुक पर अमन कटरा नाम के अकाउंट से आपत्तिजनक पोस्ट की गई।

जानकारी पर जांच शुरू कराई गई तो पता चला कि अकाउंट कटरा निवासी अमन केशरवानी पुत्र अतुल केशरवानी का है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एलएलबी द्वितीय वर्ष का छात्र है, पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डेंगू से बचाव को जागरूकता जरूरी

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। डेंगू से बचाव को स्वास्थ्य विभाग ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। जिसके तहत शनिवार दिनांक ०७.०६.२०१६ को मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम के तहत चिकित्सकों बचाव और सही जानकारी देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। विशेषज्ञों ने कहा, डेंगू को उपचार से ज्यादा जागरूकता जरूरी है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ. एसपी सिंह ने कहा की डेंगू से डरने की नहीं बचने की जरूरत है। डेंगू से बचाव को लोगों का जागरूक होना जरूरी है, इसलिए बुखार बना रहे तो तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक माइक्रोबायोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोनिका ने कहा कि एडीस मच्छर डेंगू का वाहक होता है, संक्रमण फैलाने का काम डेंगू परजीवी करते हैं। डॉ. खुर्शीद ने डेंगू के कारण एवं बचाव की जानकारी दी, संचालन डॉ. अरिंदम चौधरी ने किया।

# कंप्यूटर पर कराई जाएगी अब टंकण दक्षता परीक्षा

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपनी परीक्षाओं से टाइप राइटर को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब इतिहास में पहली बार आरओ/एआरओ की टंकण दक्षता परीक्षा कंप्यूटर पर कराई जाएगी, परीक्षा नियंत्रक अरविंद कुमार मिश्र ने इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं, ताकि अभ्यर्थी कंप्यूटर पर टाइप करने का अभ्यास शुरू कर दें।

# मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद द्वारा टूंडला जं का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। टूंडला जं पर चल रहे यार्ड री-मॉडलिंग एवं इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्यो का मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ ने मंडल के अधिकारियो के साथ दिनांक ०५.०६.२०१६ को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने वेस्ट सेंट्रल केबिन, ईस्ट सेंट्रल केबिन, ईस्ट आउटर केबिन तथा टूंडला जं के सम्पूर्ण यार्ड में यार्ड री-मॉडलिंग एवं इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्यो का सघन निरीक्षण किया, मंडल रेल प्रबंधक ने बताया की टूंडला स्टेशन पर अभी तक पांच प्लेटफार्म है यात्री सुविधाओं में वृद्धि करते हुए ०२ नए प्लेटफार्मो का निर्माण किया गया है, गुड्स लाइन नंबर ०१ एवं ०२ की लंबाई में वृद्धि की गई है। न्यू ARME साइडिंग का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एनामुल हक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक मन्नू प्रकाश दुबे, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर नीरज यादव, एस सी तिवारी, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी वी के गौतम, मंडल यातायात प्रबंधक समर्थ गुप्ता तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब हमसफर एक्सप्रेस में भी लगेगा स्लीपर कोच

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस का संचालन १२ सितंबर से बंद होने के बाद अब रेलवे हमसफर एक्सप्रेस में स्लीपर कोच जोड़ने का एलान किया है। उनके इस एलान के बाद इलाहाबाद-आनंद विहार हमसफर एक्सप्रेस अब देश की पहली ऐसी हमसफर श्रेणी की ट्रेन होगी जिसमें स्लीपर कोच भी रहेंगे। शुरूआत में रेल प्रशासन हमसफर एक्सप्रेस में स्लीपर के कुल चार कोच लगायेगा। दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस का संचालन बंद होने के बाद रेलवे सप्ताह में चार दिन नई दिल्ली एवं तीन दिन आनंद विहार के लिए हमसफर एक्सप्रेस चलाएगा। बतादें कि दुरंतो में जहां सभी श्रेणीयों के कोच थे वहीं हमसफर एक्सप्रेस में सिर्फ एसी थ्री श्रेणी के ही कोच होने की वजह से स्लीपर मे यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को झटका लगा था।

# 'सामुदायिक दिवस' के रूप मे रेलवे मनायेगा बापू कि १५० वीं जयंती

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। महात्मा गाँधी की १५० वीं जयंती के अवसर पर भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक ०२.१०.२०१६ को 'सामुदायिक दिवस' के रूप में मनाया जायेगा जिसके अंतर्गत मंडल कार्यालय एवं इलाहाबाद मंडल के सभी स्टेशनों के कार्यालयों, स्टेशन परिसर, रेलवे कॉलोनी, रेलवे चिकित्सालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी।


वहीं इलाहाबाद मंडल में दिनांक १६.०६.२०१६ से ०२.१०.२०१६ तक स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा जिससे महात्मा गाँधी के १५० वीं जयंती के अवसर पर रेलवे परिक्षेत्र में सर्वत्र स्वच्छता ही स्वच्छता दिखाई पड़े।

"स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़े में इलाहाबाद मंडल के अधिकारी , कर्मचारी, खिलाड़ी तथा स्काउट एवं गाइड के सदस्य भाग लेंगे। साथ ही साथ रेलवे प्रसाशन द्वारा स्टेशनों, स्टेशन परिसर, ट्रेनों, रेलवे आवासों आदि स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा प्लास्टिक की खाली बोतलों को नष्ट करने हेतु मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर बोतल क्रशिंग मशीन भी लगायी जाएगी।

## २४ एलएचबी कोचों से चलेगी अब प्रयागराज एक्सप्रेस

रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। इलाहाबाद से नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस रेलगाड़ी दिनांक ०२.०६.२०१६ से इलाहाबाद से तथा ०३.०६.२०१६ से नई दिल्ली से स्थाई आधार पर २४ एलएचबी डिब्बों के साथ चलेगी।

## यूपी की छूटी विधवाओं को जल्द मिलेगा विधवा पेंशन



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा पर उत्तर प्रदेश की ६० हजार विधवाओं को जल्द ही पेंशन का फायदा मिलेगा। इन सभी को सरकार ने निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ दिलाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में महिला कल्याण और वित्त विभाग के बीच कार्रवाई तेजी से चल रही है। बतादें कि प्रदेश सरकार पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत ५०० रुपये प्रति महीने उपलब्ध कराती है।

सरकार को इस मामले मे शिकायत मिल रही थी कि प्रदेश में बड़ी संख्या में विधवाएं पेंशन के लाभ से वंचित हैं। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की इस घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर हाल ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई है।

## आरआरबी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र




रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। आरआरबी इलाहाबाद द्वारा चयनित ग्रुप डी के १४६२ कर्मचारियों का पैनल इलाहाबाद मंडल को प्राप्त हुआ है, जिसमें से दिनांक १३.०६.२०१६ को ४६२ अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु बुलाया गया, जिसमें ४२४ अभ्यर्थी उपस्थित हुये जिन्हें मंडल रेल प्रबंधक इलाहाबाद अमिताभ द्वारा नियुक्ति पत्र तथा वेलकम किट प्रदान किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक ने नवनियुक्त ग्रुप डी कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक रंजन, मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे, सहायक कार्मिक अधिकारी लवकुश एवं कार्मिक विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'इट राइट, स्टें फिट, तभी इंडिया सुपर फिट' : डॉ. हर्ष वर्धन

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के इट राइट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत करते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्यएवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने 'इट राइट, स्टे फिट, तभी इंडिया सुपर फिट' का नारा दिया। भोजन और फिटनेस के माध्याम से नागरिकों को केंद्र में रखते हुए एक स्वास्थ्य आंदोलन के रूप में यह खान-पान की एक नई पहल है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव श्रीमती प्रीति सूदन, विश्व् स्वास्थ्य संगठन दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम क्षेत्रपाल सिंह, एफएसएसएआई की अध्यक्ष सुश्री रीता तेवतिया और एफएसएसएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पवन अग्रवाल भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि समाचार माध्यमों, खाद्य उत्पादकों, उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों के साथ-साथ समाज के सभी हिस्सों के सक्रिय समर्थन और भागीदारी से यह एक देशव्यापी आंदोलन बन सकता है।



पोषण के ईद-गिर्द मुद्दे पर एक जन आंदोलन के महत्व के बारे में चर्चा करते हुए, डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण का एक हिस्सा है। पूरे देश में सितंबर माह को 'पोषण माह' के रूप में मनाया जा रहा है। स्वस्थ भोजन के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना, जनसंख्यो के कुछ हिस्से में कुपोषण और मोटापे की समस्या का समाधान करना तथा कुपोषण-मुक्त भारत के लिए एक जोरदार अभियान चलाना इसका उद्देश्य है। स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बल पर एक नये भारत का निर्माण करना है, जिसे हमारे प्रधानमंत्री २०२२ तक सभी नागरिकों के लिए पूरा करना चाहते हैं।

## रेल कर्मियों के लिए ''राजभाषा प्रश्न मंच '' का आयोजन



रे.स.ब्यू./सू.बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में दिनांकः १३.०६.१६ से २०.०६.१६ तक ''राजभाषा सप्ताह'' मनाया जा रहा है। सप्ताह का उद्घाटन मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक (एम.एंड एस.) द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे मनोज कुमार, मुख्य सामग्री प्रबंधक -३ उपस्थित हुए। राजभाषा सप्ताह के प्रथम दिन जोनल सभा कक्ष में रेल कर्मियों के लिए ''राजभाषा प्रश्न मंच'' का आयोजन किया गया। जिसमें राजभाषा, सामान्य हिंदी एवं फोटोयुक्त सामान्य ज्ञान को शामिल कर कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति प्रेरणा का संचार किया गया। मुख्य राजभाषा अधिकारी ने सभाकक्ष में रेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री का 'हिंदी दिवस संदेश' का वाचन किया गया। क्विज कार्यक्रम में ०४ सदस्यों की कुल १८, टीमों ने भाग लिया। विजेताओं को दिनांकः २०.०६.२०१६ को आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कार्यकम का संचालन विकम सिंह,वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया।


## रेल यात्रियों को बड़ी राहत, हमसफर से हटा फ्लैक्सी फेयर

प.सू.का/नई दिल्ली। एक महत्वपूर्ण यात्री अनुकूल कदम उठाते हुए रेल मंत्रालय ने हमसफर रेलगाडियों के किराए को तर्कसंगत बनाने का फैसला किया है, जिससे ऐसी रेलगाडियों में यात्रा करना सस्ता और आरामदायक हो सके। भारतीय रेल यात्रियों को इससे बड़ी राहत मिलेगी जो अब कम दरों पर हमसफर रेल गाडियों की आधुनिक सुविधाओं का आनंद ले सकेंगे। इन रेलगाडियों की मौजूदा परिवर्तनीय किराया प्रणाली को खत्म किया गया है, अब केवल एक निश्चित किराया प्रणाली होगी। हमसफर गाडियों का आधार किराया सुपरफास्टक मेल एक्सिप्रेस गाडियों के नहीं बल्कि मेल और एक्सप्रेस गाडियों के आधार किराए का मात्र १.१५ गुना ही होगा जिससे इनकी दरें घटेंगी। हमसफर गाडियों का तत्काल किराया भी सामान्य आधार किराए के मौजूदा १.५ गुना से घटाकर १.३ कर दिया गया है।

तत्काल किराए की ये दरें सामान्य तत्काल किराए के नियमों के अनुरूप अधिकतम और न्यूनतम होंगी। अब इन गाडियों का तत्काल किराया मेल और एक्सप्रेस गाडियों के सामान्य तत्काल किराए के बराबर कर दिया गया है। इन रेलगाडियो में अभी मौजूद केवल तृतीय श्रेणी के वातानुकूलित डिब्बों के अतिरिक्त वातानुकूलित शयनयान डिब्बे आवश्यकता तथा जोनल रेलवे के फैसलों के अनुरूप लगाए जाएंगे। पहले चार्टिंग के बाद करेंट बुकिंग के तहत टिकट अन्यं रेलगाडियों में लागू बेसिक किराए और अन्य् सभी अनुपूरक शुल्क के साथ १० प्रतिशत की छूट के साथ बेचे जाएंगे। पीआरएस प्रणाली में आवश्यक बदलाव करने के बाद संशोधित किराया संरचना को अग्रिम आरक्षण अवधि में लागू किया जाएगा।

हमसफर रेलगाडियों में शयनयान श्रेणी के अतिरिक्त डिब्बे लगाने का काम १३ सितंबर २०१६ से शुरु हो चुका है। आनंद विहार-इलाहाबाद हमसफर एक्सप्रेस गाड़ी में ऐसे चार डिब्बे लगाए गए हैं। किराए पर तय आरक्षण शुल्क, सुपरफास्ट चार्ज और जीएसटी शुल्क देय होगा।

## प्रतिभा मिश्रा ने हासिल की आठवी रैंक



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज की प्रतिभा मिश्रा, पुत्री सुशील कुमार मिश्रा ने सहायक वन संरक्षक २०१५ (Assistant Conservator of forest Exam २०१५) की परीक्षा में आठवीं रैंक हासिल की है। प्रतिभा मिश्रा प्राइमरी से हाईस्कूल तक की शिक्षा चिन्मय विद्यालय रसूलाबाद तेलियरगंज प्रयागराज से हासिल की है। इण्टरमीडिएट वर्ष २००८ में डी.पी.गर्ल्स कालेज से की तथा बीएससी वर्ष २०११ एवं एमएससी वर्ष २०१४ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हासिल की तथा एमएससी की परीक्षा में गोल्ड मेडलिस्ट रही।

# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न




रे.स.ब्यू./संवा.नई दिल्ली। उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक महाप्रबंधक टी.पी. सिंह, की अध्यक्षता में दिनांक १३.०९. २०१६ को प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मुख्य कारखाना प्रबंधकों, मंडलों एवं कारखानों के अपर/उप मुख्य राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया, साथ ही उत्तर रेलवे में राजभाषा पखवाड़ा २०१६ का भी शुभारंभ महाप्रबंधक द्वारा किया गया। महाप्रबंधक ने खुशी जताई कि उत्तर रेलवे के सभी कर्मचारियों को राजभाषा का अच्छा ज्ञान है और हमने अधिकतर मदों में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

बैठक में राम लाल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे ने महाप्रबंधक एवं उपस्थित अन्य अधिकारी का स्वागत किया और उन्हें राजभाषा पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डॉ. रोशनी खुबचंदानी ने किया।

# शुरू हुई शिवपुर कि प्रसिद्ध रामलीला

रे.स.ब्यू./सूत्र.वाराणसी के शिवपुर की प्रसिद्ध रामलीला का मुकुट पूजन मंगलवार दिनांक १०. ०९.२०१६ को की रात संपन्न हुआ। रामलीला आयोजन के मंत्री श्रवण सिंह ने बताया कि यह अति प्राचीन एवं प्रसिद्ध रामलीला १२० वर्षो से अनवरत चल रही है। मुकुट पूजा के समय राम, भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न और सीता के स्वरूप और मुकुट का विधिवत पूजन व्यास आचार्य दिवाकर त्रिपाठी ने कराया।

शिवपुर पंचक्रोशी मार्ग चतुर्थ पड़ाव स्थित पांचों पांडव मंदिर पर विघ्नहर्ता की वैदिक मंत्रों के बीच पूजा आराधना की। पूजन के अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार बागी, मंत्री श्रवण सिंह, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा सप्ताह-२०१६ का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र.लखनऊ। आर.डी.एस.ओ., लखनऊ में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं प्रोत्साहन हेतु राजभाषा सप्ताह समारोह १६ से २० सितम्बर, २०१६ तक मनाया जा रहा है। महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. वीरेन्द्र कुमार ने दिनांक १६.०९. २०१६ को आर.डी.एस.ओ. में दीप प्रज्वलित करके और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर राजभाषा सप्ताह समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य राजभाषा अधिकारी एच. के. रघु ने राजभाषा के प्रचार-प्रसार के संबंध में आर.डी.एस.ओ. में किए गए अभिनव प्रयासों का संक्षिप्त विवरण देते हुए सरकारी कार्य अधिकाधिक हिंदी में करने हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया।

महानिदेशक ने अपने उद्घाटन संबोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा नियमों के अनुसार सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। संगोष्ठी के पहले विषय ''सूचना प्रौद्योगिकी से भारतीय रेल की उन्नति कितनी संभव'' पर संगठन के ०६ कार्मिकों ने अपना प्रस्तुतिकरण दिया।

# मसालेदार भोजन करें और लंबा जिएं

नई दिल्ली। मसालेदार व्यंजनो का नाम आते ही दुनिया की निगाहें भारत की ओर उठती हैं, लेकिन अब विशेषज्ञों ने दावा पेश किया है कि मसालेदार भोजन कई बीमारियां भी दूर रखता है। वैज्ञानिकों के अनुसार लाल मिर्च में मिलने वाला कैपसाइकिन नामक रसायन मोटापे, और सांस से जुड़े रोगों के खिलाफ तो काम करता ही है, इसमें कैंसर से लड़ने वाले गुण भी हाते हैं।

चीन में अधेड़ उम्र के ५ लाख लोगों पर किए गए अध्ययन के अनुसार जो लोग हफ्ते में दो बार मसालेदार भोजन करते हैं, वह इससे दूर रहने वाालों से लंबा जीते हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, हार्वर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ और चीन की मेडिकल साइंस अकादमी द्वारा यह शोध संयुक्त रूप से किया गया है। लोगों से उनकी खानपान की आदतों और स्वास्थ्य से जुड़े सवाल पूछे गए थे। सात वर्ष चले शोध के दौरान इनमें २० हजार से लोगों की मृत्यु भी हो गई थी। हालांकि, शोधकर्ताओं ने कहा है कि उन्होंने शोध के नतीजे व्यापक आंकड़ों के आधार पर ही तय किए है।

प्रत्येक व्यक्ति द्वारा खाए जाने वाले मसाले उसकी सेहत पर कैसा असर डालते हैं, अभी इसका पूरी तरह पता नहीं चला है। इसके बावजूद उनका कहना है कि कैपसाइकिन जैसे कई तत्व रोगों से लड़ने में कारगर रहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अभी शोध के नतीजों को गहराई से परखने की जरूरत हैं।

हिन्दी जन, राज एवं मैत्री की भाषा है, राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है.......

महात्मा गांधी

# सरकारी कार्यालयों पर भी ऑन स्पॉट जुर्माना लगाने की आवश्यकता



ट्रैफिक चालान के नाम पर देश की जनता से हजारों रूपये जुर्माना भरने की बात देश की जनता ने स्वीकार कर ली है, और अब तक लाखों लोग अपनी एक गल्ती के बदले हजारों हजारों रूपये जुर्माना भर चुके हैं। हमारे देश की जनता अव्यवस्था और भ्रष्टाचार से इस तरह तंग आ चुकी है कि वह सरकार के उठाये कड़वे से कड़वे कदम को कडवी दवा समझ कर पी जाती है।

यह सोच कर कि शायद इससे देश में फैला भ्रष्टाचार और अव्यवस्था खत्म हो जाय। पर क्या केवल आम जनता के सुधारने के प्रयास से देश का विकास सम्भव है? समझ में नहीं आता कि सरकार को सरकारी विभाग की लापरवाहियां, बदसलूकियां व अनियमितताएं क्यों नहीं दिखती है?

अगर सरकार ने ट्रैफिक चालान में इतनी वृद्धि की है तो सरकार का यह भी कर्त्तव्य है कि वह सड़क पर चलने वालों को सुगम और सुरक्षित यात्रा सुविधाएं भी उपलब्ध करायें। इन सब अव्यवस्थाओं के लिए कौन जिम्मेदार है? सरकारी कार्यालय ही तो।

अतः अब जनता की यह मांग है कि जिस प्रकार ट्रैफिक के नियम तोड़ने पर जनता को ऑन स्पॉट चालान भरना पडता है ठीक उसी तरह सरकारी सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी के लिए सरकारी कार्यालयों को भी तुरंत दण्डित करने का प्रावधान बनाये। जनता टूटी सड़कों, सडकों पर घूमते आवारा पशुओं,खराब और स्ट्रीट लाइट विहीन सड़कों की फोटो सोशल मीडिया पर डाले और उसी दिन सम्बन्धित अधिकारी और कार्यालयों पर कारवाई की जाय वह चाहे जुर्माने के रूप में हो या निलम्बन और ट्रॉन्सफर के रूप में, तो देखिये कैसे नहीं हमारे सरकारी कर्मचारी जागरूक होंगे ओर सड़कों के रख रखाव ओर सुविधाओं पर सही मायने में ध्यान देना शुरू करेंगे।

श्रीमती सन्नो श्रीवास्तव
(स्वतंत्र लेखिका)
806 बी 12 ए
आर पी एस सवाना
सेक्टर 88 ग्रेटर
फरीदाबाद हरियाणा
9911792455,
shanno31@gmail.com

## पाठकों से

आपको यह अंक कैसा लगा? कृपया अपने सुझावों, आलोचनाओं से अवश्य ही अवगत करायें। इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते है। आपके पत्रों का हमें इंतजार रहेगा।

प्रधान सम्पादक

# सांसद ने किया दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सौंदर्यात्मक प्रकाश का उदघाटन



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। सांसद, लोकसभा मीनाक्षी लेखी, लोकसभा ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार की सौंदर्यात्मक प्रकाश व्यवस्था (फसाड लाइटिंग), नवीनीकृत वातानुकूलित एवं गैर वातानुकूलित प्रतीक्षालयों का उदघाटन किया। दिनांक ११.०६.२०१६ को इस अवसर पर एस. सी. जैन, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए सांसद मीनाक्षी लेखी ने कहा कि नई दिल्ली स्टेशन पर किए गए इन कार्यो से रेलवे की छवि एक विशेष रूप में परिभाषित होकर जन-साधारण का मन मोह लेगी।

# भारतीय रेलवे का 'प्लास्टिक अपशिष्ट' के संग्रहपर व्यापक श्रमदानका अभियान

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेल प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहपर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यापक श्रमदानका एक और अभियान आरंभ करेगी। यह मंगलवार, १७ सितंबर, २०१६ को आरंभ की जाएगी। स्टेशनों पर जाने के संपर्क मार्गो पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने इच्छा व्यक्त की थी कि भारतीय रेलवे इस पहल का नेतृत्व करे।

इसी के अनुरूप, रेल मंत्री ने २ सितंबर, २०१६ से रेलगाड़ियों और स्टेशनों के लिए १० दिन के सफाई अभियान का निर्देश दिया था। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष भी इस विषय पर जोर देने के लिए लगातार सभी मंडल प्रमुखों के संपर्क में थे। उन्होंने सभी डिवीजनल प्रमुखों को २ अक्टूबर, २०१६ तक चार हजार से अधिक ए १ और ए २ स्टेशनों पर प्लास्टिक की बोतल क्रशिंग मशीन उपलब्ध कराने को कहा है। जिसमें निर्देश दिया गया है कि १७ सितंबर, २०१६ को यह व्यापक श्रमदान प्रत्येक स्टेशन और आस-पास के इलाकों, स्टेशनों के लिए संपर्क सड़कों और पटरियों के पास के क्षेत्रों में आयोजित किया जाए।


**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र


**हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल**

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉप्लर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेसमेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# जोधपुर व जयपुर रेलवे स्टेशन को 'स्वच्छ महोत्सव पुरस्कार'



रे.स.ब्यू./सूत्र.जयपुर। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से 'स्वच्छ महोत्सव पुरस्कार' हेतु चुने गए सर्वाधिक स्वच्छ स्टेशनों में सम्पूर्ण भारत में जोधपुर रेलवे स्टेशन को प्रथम व जयपुर रेलवे स्टेशन को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। 'स्वच्छ महोत्सव पुरस्कार' दिनांक ०६ सितम्बर, २०१६ को गजेन्द्र सिंह शेखावत, जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में टी.पी. सिंह, महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे को प्रदान किये। इस अवसर पर गौतम अरोडा, मण्डल रेल प्रबंधक जोधपुर व श्रीमती मंजूशा जैन, मण्डल रेल प्रबंधक-जयपुर भी उपस्थित थे। इसके साथ ही जयपुर स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा ग्रीन रेटिंग में प्लेटिनम रेटेड स्टेशन है।

सम्पूर्ण भारत में केवल जयपुर और सिकंदराबाद स्टेशन ही प्लेटिनम रेटेड स्टेशन है। जयपुर स्टेशन को पिछले वर्ष 'ब्यूरो ऑफ इनर्जी एफिशिएंसी' द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार में 'सर्टीफिकेट ऑफ मेरिट' पुरस्कार प्रदान किया गया।

# स्मार्ट सिटी के कार्यों की, बैठक सम्पन्न



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। जिलाधिकारी प्रयागराज भानुचन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी की बैठक संगम सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में उपाध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण टी. के. शिबू, अपर जिलाधिकारी नगर अशोक कनौजिया, सिटी मजिस्ट्रेट रजनीश मिश्र सहित स्मार्ट सिटी के अधिकारीगण उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने ०७ सितम्बर २०१६ को स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट सिटी के कार्यों में किसी प्रकार की हीला हवाली या शिथिलता न बरती जाय। कार्यों को निर्धारित टाइम लाइन में पूरा करने की रणनीति पर ही कार्य किया जाय। इसके साथ ही कार्य पूरा होने पर खोदे गये गड्ढे को ठीक भी कर दिया जाय।

उन्होंने कहा कि कार्यों के लिए सड़क खोदने हेतु एनओसी ली जाय। बिना एनओसी के सड़क को न खोदा जाय। इसके साथ ही शौचालय के लिए उपयुक्त स्थलों को चिन्हित किया जाये।

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा

### पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-९० पोस्ट ए.डी-८ मो.९७९३९५६०४४ ९९५१८०४७८८, ९९३५२२४८९७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०



संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*